# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

**Maa Shakumbhari University, Saharanpur**

पत्रांक : 75/परीक्षा/2022-23
दिनांक : 08/04/2022

## विज्ञप्ति

**माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर** की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत परास्नातक स्तर पर व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों एम0ए0/एम0कॉम0 की सत्र 2021–22 की मुख्य परीक्षाएं शीघ्र करवायी जानी प्रस्तावित हैं।

वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त परास्नातक स्तर पर व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों की सत्र 2021–22 की मुख्य परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.msuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन भरे जाने की अन्तिम तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑन–लाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि | **12.04.2022** से |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **26.04.2022** तक |
| 03. | विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित महाविद्यालय/संस्थान में छात्र/छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये सन्दर्भित परीक्षा फार्म का ऑन लाईन सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि | **30.04.2022** तक |
| 04. | आवंटित महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0आर0 सहित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **04-05.2022** तक |

महत्त्वपूर्ण निर्देश :– **एम0ए0/एम0कॉम0 व्यक्तिगत परीक्षा–2022 हेतु महत्वपूर्ण निर्देश/नियम एवं पात्रता–**

1. **परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट www.msuniversity.ac.in पर उपलब्ध समस्त सम्बन्धित नियमों/प्रवेश नियमावली/विषय कोड पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।**
2. **व्यक्तिगत पाठ्यक्रम के छात्र वर्तमान में जिस महाविद्यालय से पंजीकरण करेंगे, पाठ्यक्रम की शेष अवधि हेतु पंजीकरण उसी महाविद्यालय से ही होंगे।**
3. **ऐसे छात्र/छात्रा जिनका प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) अभी तक जमा नहीं है, उन्हें अपना मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।**
4. **प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से अनुरोध है कि परीक्षा फार्म के साथ संलग्न नामांकन प्रपत्र के साथ मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) अनिवार्य रूप से संलग्न करते हुये अलग से सूची परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें एवं प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) संलग्न करने वाले छात्र/छात्राओं को निर्धारित प्रारूप पर प्राप्ति प्रपत्र भी देना सुनिश्चित करें।**
5. **सत्र 2021-22 में स्नातक प्रथम वर्ष (B.A./B.Sc./B.Com.) में प्रविष्ट छात्र–छात्राओं का पाठ्यक्रम NEP-2020 के अनुसार संचालित है। अतः वे वार्षिक परीक्षा प्रणाली का परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह नहीं हैं।**
6. **किसी भी कक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को अगली कक्षा में परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नही है, अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

07-4-2022

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**

07/04/2022

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, **माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर** को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं, अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

06. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय / लेखा / सामान्य / कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।

07. समस्त अनुभाग प्रभारी ।

08. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मो को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**